भिन्न

PRATHAM - SHAH PraDigi प्रडिजि INNOVATION CENTER

वर्कशीट

दैनिक जीवन में भिन्न |

1. **इनमें से कौन सी भिन्न अढ़ाई (ढाई) दर्शा रही है :**

   a) $3\frac{1}{2}$ b) $3\frac{1}{4}$ c) $2\frac{1}{2}$ d) $2\frac{1}{4}$

2. **रमा ने सवा किलो शक्कर और एक पाव घी ख़रीदा। बताइए उसने कुल कितने ग्राम सामान ख़रीदा ?**

   a) 1000 ग्राम b) 1500 ग्राम c) 1250 ग्राम d) 1750 ग्राम

3. **डेढ़ लीटर दूध में से आधा लीटर दूध इस्तेमाल कर लिया गया। बताइए, कितना दूध बचा ?**

   a) सवा लीटर b) पौना लीटर c) पाव लीटर d) एक लीटर

4. **600 रुपये का एक- तिहाई कितने रुपये होंगे ?**

5. **800 का पौना हिस्सा क्या होगा ?**

6. **एक गाँव में 360 घर हैं, जिनमें से दो- चौथाई घर सीमेंट से बने हैं। बताइए गाँव के कितने घर सीमेंट से बने हैं।**

7. **दी गई मूल्य सूची को देखकर बताइए कि आधा किलो अनार, साढ़े तीन किलो टमाटर और तीन पाव सेब खरीदने के लिए कितने रुपये खर्च करने होंगे ?**

मूल्य सूची

फल/ सब्जी	कीमत प्रति किलो
सेब	₹120
अनार	₹250
टमाटर	₹ 30
खीरा	₹ 15
आलू	₹ 18
संतरा	₹ 70